कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– shivira/madhya/shaladarpan/SDB/2023-04532-Part File(5)-8607708 दिनांक :– यथा हस्ताक्षर

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा, राजस्थान।

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा।

विषय :– शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की दैनिक उपस्थिति की शत–प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के संबंध में।

प्रसंग :– राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर पत्र राजकाज रेफ. 24054883 दिनांक 16.09.2026 एवं शिक्षा ग्रुप–1 विभाग जयपुर पत्र राजकाज रेफ. 24470559 दिनांक 11.09.2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत व प्रासगिक पत्रों के क्रम में लेख है कि शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यार्थी उपस्थिति की प्रविष्टि शिक्षक एप्प (Students Daily Attendence) के माध्यम से प्रतिदिवस प्रार्थना समय में कक्षाध्यापक द्वारा किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए है तथा अपवादिक परिस्थिति में शाला दर्पण पर विद्यालय लॉगिन से विद्यार्थी उपस्थिति की प्रविष्टि के निर्देश प्रदान किये गये है।

प्रासंगिक पत्र के क्रम में, विद्या समीक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा जयपुर द्वारा प्राप्त विद्यार्थी उपस्थिति रिपोर्ट के अनुसार 01 जुलाई से 5 सितम्बर 2026 की अवधि में कुल 545 राजकीय विद्यालयों द्वारा विद्यार्थी उपस्थिति की प्रविष्टि नहीं की गई है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों में विद्यार्थी उपस्थिति प्रति दिवस दोपहर 1:30 तक की जानी सुनिश्चित करावें। साथ ही शालादर्पण पोर्टल पर कार्मिकों की दैनिक उपस्थिति की शत–प्रतिशत प्रविष्टि भी सुनिश्चित करावें।

आपको उपरोक्तानुसार निर्देशित किया जाता है कि शालादर्पण पोर्टल पर **विद्यार्थी दैनिक उपस्थिति व कार्मिकों की दैनिक उपस्थिति की नियमित रूप सें प्रविष्टि की जानी सुनिश्चित करावें।**

उपरोक्त को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(ललित कुमार)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर
एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना
निदेशक (वरिष्ठ), समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
01. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा विभाग, पुस्तकालय एवं पंचायतीराज (प्रसंगित)

RajKaj Ref No.: 24634363

Digitally signed by LALIT KUMAR
Designation: Director
Date: 2026-09-22 19:17:40 IST

v-1.0

शिक्षा) एवं संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान।

02. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर।
03. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान।
04. उपनिदेशक, शालदर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
05. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा व समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा को भेजकर लेख है कि अपने कार्य क्षेत्र में विद्यालयों के द्वारा शालादर्पण पर प्रतिदिन विद्यार्थीयों व कार्मिकों की उपस्थिति की प्रविष्टि सुनिश्चित करावें।
06. समस्त संस्था प्रधान/पीईईओ/यूसीईईओ को निर्देशित किया जाता है कि वे विद्यार्थियों तथा कार्मिकों की उपस्थिति की प्रतिदिन यथासमय प्रविष्टि सुनिश्चित करें।
07. अनुभाग अधिकारी गुणवत्ता एवं नवाचार अनुभाग कार्यालय हाजा।
08. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर
एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना
निदेशक (वरिष्ठ), समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

RajKaj Ref No.:
24634363

Digitally signed by
LALIT KUMAR
Designation: Director
Date: 2026-09-22
19:17:40 IST

v-1.0